रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/02/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** किसी निकाय की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा ($\Delta PE_g$) में परिवर्तन, गुरुत्वाकर्षण बल द्वारा किए गए कार्य ($W_g$) से किस प्रकार संबंधित है?

Ans
- ✔ A. Wg = −ΔPEg
- ✘ B. दोनों असंबंधित हैं
- ✘ C. Wg = 0
- ✘ D. Wg = ΔPEg

**Q.2** आग या रेडिएटर के ऊपर उठती गर्म वायु की विक्षुब्ध धारा के माध्यम से देखी गई वस्तुओं का यादृच्छिक रूप से हिलना या झिलमिलाना (wavering or flickering) _______________ का प्रभाव है।

Ans
- ✘ A. ऊष्मा विकिरण के कारण दृश्य विरूपण
- ✘ B. प्रकाश के विवर्तन
- ✔ C. छोटे पैमाने पर वायुमंडलीय अपवर्तन
- ✘ D. टिंडल प्रभाव

**Q.3** यदि किसी वस्तु का दूरी-समय ग्राफ, समय अक्ष के समांतर एक सरल रेखा है, तो वस्तु की चाल क्या है?

Ans
- ✔ A. शून्य
- ✘ B. शून्येतर नियत
- ✘ C. एकसमान
- ✘ D. वर्धमान

**Q.4** हार्मोनल और शल्य-चिकित्सा दोनों विधियों से बचने की इच्छा रखने वाले दंपति के लिए कौन-सी गर्भनिरोधक विधि सबसे उपयुक्त है?

Ans
- ✔ A. कंडोम जैसे अवरोधक विधियों का उपयोग
- ✘ B. मुख से ली जाने वाली पिल्स
- ✘ C. प्राकृतिक विधियाँ (आवधिक संयम)
- ✘ D. कॉपर-टी लगाना

| Q.5 | निम्नलिखित में से कौन-सा पौधा एक खरपतवार है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. विग्ना अंगुइकुलेटा (Vigna unguiculata) |
| | ✗ B. ओराइजा सैटाइवा (Oryza sativa) |
| | ✓ C. साइपरस रोटंडस (Cyperus rotundus) |
| | ✗ D. पाइसम सेटाइवम (Pisum sativum) |

| Q.6 | यौगिक एक ऐसा पदार्थ है जिसमें तत्व _________ । |
|---|---|
| Ans | ✗ A. किसी भी अनुपात में भौतिक रूप से मिश्रित होते हैं |
| | ✗ B. अस्थायी रूप से मिश्रित होते हैं |
| | ✓ C. रासायनिक रूप से निश्चित समानुपात में संयोजित होते हैं |
| | ✗ D. आसानी से पृथक किए जा सकते हैं |

| Q.7 | लौह संक्षारण को सामान्यतः जंग लगना कहा जाता है, और इसके लिए __________ की आवश्यकता होती है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. लवण और प्रबल अम्ल की उपस्थिति |
| | ✗ B. लोहा और अत्यधिक निम्न (cold) ताप |
| | ✗ C. नमी और उच्च अम्लता |
| | ✓ D. जल और वायुमंडलीय ऑक्सीजन |

| Q.8 | यदि एक सीधे चालक में प्रवाहित धारा को दोगुना कर दिया जाए, तो उससे दी गई दूरी पर चुंबकीय क्षेत्र _______________। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. आधा हो जाता है |
| | ✓ B. दोगुना हो जाता है |
| | ✗ C. पूर्ववत रहता है |
| | ✗ D. शून्य हो जाता है |

| Q.9 | किसी विलयन में $H^+$ आयनों की सांद्रता मुख्यतः उसके ________________ को निर्धारित करती है। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. जलीय अवस्था में अम्लता की डिग्री |
| | ✗ B. धात्विक आबंध की सीमा |
| | ✗ C. गैस संपीड्यता गुणक के स्तर |
| | ✗ D. ठोस क्रिस्टल निर्माण की दर |

| Q.10 | स्थानीय और विदेशी मवेशी नस्लों के संकरण का क्या लाभ है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. मांस और दूध का अधिक उत्पादन |
| | ✗ B. पर्यावरण के प्रति निम्न अनुकूलन क्षमता |
| | ✗ C. सघन ऊन उत्पादन |
| | ✗ D. तीव्र प्रजनन दर |

| Q.11 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प बहुकोशिकीय जीवों में देखे जाने वाले श्रम विभाजन का सर्वोत्तम रूप में व्याख्या करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक जीव में सभी कोशिकाएँ एक ही कार्य करती हैं |
| | ✓ B. विभिन्न कोशिकाओं के विशिष्ट कार्य होते हैं |
| | ✗ C. बहुकोशिकीय जीवों में केवल एक ही प्रकार की कोशिका होती है |
| | ✗ D. शरीर का प्रत्येक अंग एकल कोशिका से बना होता है |

| | |
|---|---|
| Q.12 | कई एककोशिकीय जीवों में चयापचयी-अपशिष्ट (metabolic waste) के निष्कासन का तरीका क्या है? |
| Ans | ✗ A. विशिष्ट अंगों के उपयोग के द्वारा |
| | ✗ B. परासरण (osmosis) के द्वारा |
| | ✗ C. किडनी से फिल्ट्रेशन के द्वारा |
| | ✓ D. एक सरल विसरण प्रक्रम के द्वारा |

| | |
|---|---|
| Q.13 | निम्नलिखित को मनुष्यों में निषेचन के बाद विकास के सही अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए।<br><br>भ्रूण (Embryo), युग्मनज (Zygote) और गर्भ (Foetus) |
| Ans | ✗ A. युग्मनज – गर्भ – भ्रूण |
| | ✗ B. भ्रूण – गर्भ – युग्मनज |
| | ✓ C. युग्मनज – भ्रूण – गर्भ |
| | ✗ D. गर्भ – भ्रूण – युग्मनज |

| | |
|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सी राशि किसी पिंड पर लगने वाले उत्प्लावक बल का परिमाण निर्धारित करती है? |
| Ans | ✗ A. पिंड का पृष्ठीय क्षेत्रफल |
| | ✗ B. तरल का तापमान |
| | ✗ C. पिंड का भार |
| | ✓ D. तरल का घनत्व और विस्थापित आयतन |

| | |
|---|---|
| Q.15 | निम्नलिखित में से किस लवण का जल में घुलने पर pH मान 7 के निकट होगा? |
| Ans | ✗ A. $CH_3COONa$ |
| | ✗ B. $Na_2CO_3$ |
| | ✗ C. $NH_4Cl$ |
| | ✓ D. NaCl |

| | |
|---|---|
| Q.16 | पर्यावरण में ऑक्सीजन की उपलब्धता में कमी सबसे पहले जंतु कोशिकाओं में वायु श्वसन के किस चरण को प्रभावित कर सकती है? |
| Ans | ✓ A. इलेक्ट्रॉन अभिगमन श्रृंखला (Electron transport chain) |
| | ✗ B. क्रेब चक्र (Krebs cycle) |
| | ✗ C. ग्लाइकोलिसिस (Glycolysis) |
| | ✗ D. लैक्टिक अम्ल किण्वन (Lactic acid fermentation) |

| | |
|---|---|
| Q.17 | निम्नलिखित में से किस परिपथ अवयव को किसी संवृत परिपथ में प्रवाहित होने वाली धारा की मात्रा को परिवर्तित करने के लिए उपयोग किया जाता है? |
| Ans | ✓ A. धारा नियंत्रक (Rheostat) |
| | ✗ B. प्लग कुंजी (Plug key) |
| | ✗ C. ऐमीटर (Ammeter) |
| | ✗ D. वोल्टमीटर (Voltmeter) |

| | |
|---|---|
| Q.18 | वैद्युतअपघटनी परिष्करण में, अशुद्ध धातु का उपयोग ____________ के रूप में किया जाता है। |
| Ans | ✗ A. पृथकित्र (separator) |
| | ✗ B. वैद्युतअपघट्य (electrolyte) |
| | ✓ C. एनोड (anode) |
| | ✗ D. कैथोड (cathode) |

| | |
|---|---|
| Q.19 | कौन-सा कथन, यौगिक जल के स्थिर अनुपात के नियम का सर्वोत्तम वर्णन करता है? |
| Ans | ✗ A. तत्व किसी भी अनुपात में मिलकर यौगिक बनाते हैं |
| | ✗ B. यौगिकों के गुणधर्म, तत्वों के गुणधर्मों के समान होते हैं |
| | ✓ C. एक रासायनिक यौगिक में सदैव वही तत्व होते हैं जो द्रव्यमान के एक निश्चित अनुपात में संयुक्त रहते हैं |
| | ✗ D. किसी अभिक्रिया में उत्पादों का कुल द्रव्यमान सदैव अभिक्रियकों के कुल द्रव्यमान से अधिक होता है |

| | |
|---|---|
| Q.20 | अवतल लेंस द्वारा सदैव किस प्रकार का प्रतिबिंब बनता है, चाहे वस्तु कहीं भी रखी हो? |
| Ans | ✓ A. आभासी, सीधा और छोटा |
| | ✗ B. आभासी, उल्टा और बड़ा |
| | ✗ C. वास्तविक, उल्टा और बड़ा |
| | ✗ D. वास्तविक, सीधा और समान आकार का |

| | |
|---|---|
| Q.21 | संहति संरक्षण के नियम में बताया गया है कि _________। |
| Ans | ✗ A. अभिक्रियाओं में पदार्थ का निर्माण किया जा सकता है |
| | ✗ B. अभिक्रियाओं के दौरान पदार्थ नष्ट हो सकता है |
| | ✗ C. किसी भी अभिक्रिया के दौरान द्रव्यमान सदैव घटता है |
| | ✓ D. रासायनिक अभिक्रिया में द्रव्यमान को न तो उत्पन्न किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है |

| | |
|---|---|
| Q.22 | कॉपर, वायु में नम कार्बन डाइऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करता है तो धीरे-धीरे अपनी चमकदार भूरी सतह खो देता है और क्षारकीय कॉपर कार्बोनेट की _________ रंग की कोटिंग प्राप्त करता है। |
| Ans | ✗ A. रक्ताभ भूरे |
| | ✓ B. हरी |
| | ✗ C. सफेद |
| | ✗ D. काले |

| | |
|---|---|
| Q.23 | एक ही जनक (parents) के दो बच्चे एक दूसरे के समरूप होते हैं परंतु बिल्कुल एक जैसे नहीं होते क्योंकि ___________। |
| Ans | ✗ A. उनमें से प्रत्येक को सभी आनुवंशिक लक्षण केवल एक ही जनक से प्राप्त होते हैं। |
| | ✗ B. उनके माता-पिता अति निम्न आनुवंशिक भिन्नता दर्शाते हैं। |
| | ✗ C. उनमें से प्रत्येक अपने DNA प्रतिलिपिकरण प्रक्रिया में भिन्नता दर्शाता है। |
| | ✓ D. वे अपने माता-पिता में विद्यमान आनुवंशिक भिन्नता के विभिन्न संयोजन दर्शाते हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.24 | औसत चाल की SI इकाई .............. है। |
| Ans | ✓ A. m/s |
| | ✗ B. m/s2 |
| | ✗ C. cm/s |
| | ✗ D. km/hr |

| | |
|---|---|
| Q.25 | एक लड़की ने खड़ी चट्टान (cliff) के समीप ताली बजाई और उसे 8 सेकंड बाद अपनी प्रतिध्वनि सुनाई दी। यदि ध्वनि की चाल 320 m $s^{-1}$ ली जाए, तो लड़की से खड़ी चट्टान की दूरी कितनी है? |
| Ans | ✗ A. 80 m |
| | ✓ B. 1280 m |
| | ✗ C. 320 m |
| | ✗ D. 640 m |

Section : **Mathematics**

| Q.26 | 5% और 8% की दो क्रमिक छूट के समतुल्य एकल छूट ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 14.63% |
| | ✗ B. 14.67% |
| | ✓ C. 12.6% |
| | ✗ D. 10.8% |

| Q.27 | $(6pq + 14q)^2 - (6pq - 14q)^2$ को सरल कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 336pq2 |
| | ✗ B. 336p2q |
| | ✗ C. 168pq2 |
| | ✗ D. 168p2q2 |

| Q.28 | तीन फर्नीचर वस्तुओं का औसत मूल्य ₹16,425 है। यदि उनके मूल्य 3 : 5 : 7 के अनुपात में हैं, तो सबसे महंगी वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 9,855 |
| | ✗ B. 7,665 |
| | ✗ C. 5,475 |
| | ✓ D. 22,995 |

| Q.29 | एक 11-अंकीय संख्या 8732326687X, 18 से विभाज्य है। X का मान क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 1 |
| | ✓ C. 2 |
| | ✗ D. 3 |

| Q.30 | ₹5,625 पर 6 महीने के लिए 16% वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज, यदि ब्याज तिमाही रूप से संयोजित होता है, कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹746 |
| | ✗ B. ₹702 |
| | ✓ C. ₹459 |
| | ✗ D. ₹955 |

| Q.31 | एक खेत चतुर्भुज के आकार का है। इसके एक विकर्ण की लंबाई 10 m है। अन्य दो शीर्षों से इस विकर्ण पर डाले गए लंबों की लंबाई क्रमशः 12 m और 13 m है। खेत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 125 $m^2$ |
| | ✗ B. 100 $m^2$ |
| | ✗ C. 110 $m^2$ |
| | ✗ D. 130 $m^2$ |

| Q.32 | एक दुकानदार किसी वस्तु पर ₹x अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 54% की छूट देता है। वह छूट के बाद 52% वैट लगाकर वस्तु को ₹437 में बेचता है। x का मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 500 |
| | ✗ B. 600 |
| | ✓ C. 625 |
| | ✗ D. 200 |

| | |
|---|---|
| Q.33 | निम्नलिखित को सरल कीजिए: $[\frac{1}{6} \times \{(36 \div 6) + (9 \div 3) - 3\} + 18]$ |
| Ans | ✗ A. 20 |
| | ✗ B. 26 |
| | ✗ C. 23 |
| | ✓ D. 19 |

| | |
|---|---|
| Q.34 | 6.5, 10.7, 20.2 और a का औसत 17 है। a का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 30.6 |
| | ✗ B. 32.6 |
| | ✗ C. 29.6 |
| | ✗ D. 31.6 |

| | |
|---|---|
| Q.35 | अरमान 1 घंटे 20 मिनट में 8.8 km दौड़ता है। उसे पिछली चाल की दोगुनी चाल से 26.4 km दौड़ने में कितना समय लगेगा? |
| Ans | ✗ A. $1\frac{1}{2}$ घंटे |
| | ✗ B. $3$ घंटे |
| | ✓ C. $2$ घंटे |
| | ✗ D. $2\frac{3}{4}$ घंटे |

| | |
|---|---|
| Q.36 | 45 का 60%, 45 के $\frac{1}{5}$ से कितना अधिक है? |
| Ans | ✓ A. 18 |
| | ✗ B. 12 |
| | ✗ C. 15 |
| | ✗ D. 16 |

| | |
|---|---|
| Q.37 | यदि एक परिवार के 2 सदस्यों की आयु का अनुपात 6 : 1 है, और उनकी आयु का औसत 35 वर्ष है, तो 11 वर्षों के बाद उनकी आयु का योग ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. $82$ वर्ष |
| | ✗ B. $88$ वर्ष |
| | ✗ C. $83$ वर्ष |
| | ✓ D. $92$ वर्ष |

| | |
|---|---|
| Q.38 | ₹8,442 को S, B और C के बीच इस प्रकार बांटा जाता है कि यदि उनके हिस्सों में से क्रमशः ₹7, ₹73 और ₹68 की कटौती कर ली जाए, तो उनके पास 6 : 7 : 16 के अनुपात में धनराशि बचती है। B और C के मूल हिस्सों में अंतर ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. ₹2,569 |
| | ✗ B. ₹2,524 |
| | ✗ C. ₹2,674 |
| | ✗ D. ₹2,624 |

| | |
|---|---|
| Q.39 | 19 m कोर वाले घन का आयतन ($m^3$ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 6859 |
| | ✗ B. 6696 |
| | ✗ C. 6748 |
| | ✗ D. 6957 |

| | |
|---|---|
| Q.40 | एक ठोस बेलन का आयतन 2926 $cm^3$ है और उसकी ऊँचाई 19 cm है। ठोस बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए) |
| Ans | ✔ A. 1144 cm2 |
| | ✗ B. 1106 cm2 |
| | ✗ C. 1175 cm2 |
| | ✗ D. 1121 cm2 |

| | |
|---|---|
| Q.41 | A, B से $\frac{5}{2}$ गुना तेज दौड़ता है। यदि A, B को 80 मीटर की बढ़त देता है, तो A के शुरुआती बिंदु से विनिंग पोस्ट कितनी दूर होना चाहिए ताकि A और B एक ही समय पर वहाँ पहुँचें? |
| Ans | ✗ A. 170 m |
| | ✗ B. 176 m |
| | ✗ C. $181\frac{2}{3}$ m |
| | ✔ D. $133\frac{1}{3}$ m |

| | |
|---|---|
| Q.42 | 45, 63 और 81 का लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्या है? |
| Ans | ✗ A. 2545 |
| | ✗ B. 2385 |
| | ✗ C. 2455 |
| | ✔ D. 2835 |

| | |
|---|---|
| Q.43 | तीन व्यक्ति, X, Y और Z, एक बगीचे में पेड़ लगाने के लिए एक साथ काम कर रहे हैं। X और Y मिलकर 20 दिनों में काम पूरा कर सकते हैं। Y और Z मिलकर इसे 24 दिनों में पूरा कर सकते हैं। तथा Z और X मिलकर इस काम को 30 दिनों में पूरा कर सकते हैं।<br>X, Y और Z को एक साथ काम पूरा करने में कितना समय लगेगा? |
| Ans | ✗ A. 12 दिन |
| | ✗ B. 18 दिन |
| | ✗ C. 14 दिन |
| | ✔ D. 16 दिन |

| | |
|---|---|
| Q.44 | 4 कीचेन और 3 वॉलेट की कीमत ₹75 है। 2 कीचेन और 2 वॉलेट की कीमत ₹48 है। 3 कीचेन और 1 वॉलेट की कीमत कितनी होगी? |
| Ans | ✗ A. ₹32 |
| | ✗ B. ₹34 |
| | ✔ C. ₹30 |
| | ✗ D. ₹24 |

| | |
|---|---|
| Q.45 | A ने B को एक वस्तु 12% की हानि पर बेची। B ने उसे C को 20% के लाभ पर बेचा। यदि C ने B को ₹1,122 का भुगतान किया, तो A के लिए वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. ₹999.70 |
| | ✔ B. ₹1,062.50 |
| | ✗ C. ₹1,038.80 |
| | ✗ D. ₹985.30 |

| | |
|---|---|
| Q.46 | एक दुकान में एक जैकेट मूल रूप से ₹120 में बेची जाती थी। कीमत में 15% की वृद्धि के बाद, जैकेट की नई कीमत क्या होगी? |
| Ans | ✔ A. ₹138 |
| | ✘ B. ₹102 |
| | ✘ C. ₹18 |
| | ✘ D. ₹120 |

| | |
|---|---|
| Q.47 | दो मित्रों, A और B, की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 4 है। चार वर्ष पहले, उनकी आयु का अनुपात 7 : 10 था। उनकी वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ A. 15 वर्ष और 20 वर्ष |
| | ✔ B. 18 वर्ष और 24 वर्ष |
| | ✘ C. 21 वर्ष और 28 वर्ष |
| | ✘ D. 12 वर्ष और 16 वर्ष |

| | |
|---|---|
| Q.48 | एक मीनार के पाद से भूमि पर 48 m की दूरी पर स्थित एक बिंदु से मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° है। मीनार की ऊँचाई मीटर में ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ A. $12\sqrt{3}$ |
| | ✔ B. $16\sqrt{3}$ |
| | ✘ C. $4\sqrt{3}$ |
| | ✘ D. $14\sqrt{3}$ |

| | |
|---|---|
| Q.49 | P और Q मिलकर एक टंकी को 8 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले उसी टंकी को 20 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी के $\frac{3}{4}$ भाग को पानी से कितने घंटे में भरेगा? |
| Ans | ✘ A. 20 |
| | ✘ B. 11 |
| | ✔ C. 10 |
| | ✘ D. 21 |

| | |
|---|---|
| Q.50 | यदि किसी भिन्न के अंश में 25% की वृद्धि की जाए और हर में 9% की कमी की जाए, तो नए भिन्न का मान $\frac{5}{7}$ हो जाता है। मूल भिन्न के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
| Ans | ✘ A. अंश और हर का योग 37 है |
| | ✔ B. हर और अंश के बीच अंतर 12 है |
| | ✘ C. हर का मान 13 है |
| | ✘ D. अंश, हर से 10 अधिक है |

## Section : General Intelligence and Reasoning

| | |
|---|---|
| Q.51 | यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br>99 ÷ 3 − 15 ÷ 5 + 156 × 2 − 12 × 4 − 16 ÷ 8 + 11 = ? |
| Ans | ✘ A. 361 |
| | ✔ B. 414 |
| | ✘ C. 449 |
| | ✘ D. 390 |

| Q.52 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D ÷ F x G + H - J' है, तो D का J से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बहन के पुत्र की पत्नी का पिता |
| | ✗ B. भाई के पुत्र की पत्नी का भाई |
| | ✓ C. भाई के पुत्र की पत्नी का पिता |
| | ✗ D. बहन के पुत्र की पत्नी का भाई |

| Q.53 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर RUOT, VYSX से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार, MPJO, QTNS से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, HKEJ दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. LOIN |
| | ✗ B. LPIM |
| | ✗ C. LPIN |
| | ✗ D. LOIM |

| Q.54 | VTQS एक निश्चित तरीके से PNKM से संबंधित है। उसी तरह, PMKF, JGEZ से संबंधित है। इसी तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से ROLG किससे संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. LJEB |
| | ✗ B. MIFA |
| | ✗ C. MJEM |
| | ✓ D. LIFA |

| Q.55 | उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे 85 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, रोहन बाईं छोर से 35वें स्थान पर और शेखर दाईं छोर से 25वें स्थान पर बैठा है। कुलदीप इन दोनों के ठीक बीच में बैठा है। रोहन के दाईं ओर गिनने पर, रोहन से कुलदीप का स्थान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 12वाँ |
| | ✗ B. 14वाँ |
| | ✗ C. 15वाँ |
| | ✓ D. 13वाँ |

| Q.56 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>79 83 92 108 133 ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 169 |
| | ✗ B. 171 |
| | ✗ C. 168 |
| | ✗ D. 170 |

| Q.57 | A, B, C, D, E, F और G, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं।<br>B के बाईं ओर केवल E बैठा है। E और C के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। F और D के बीच केवल G बैठा है तथा F, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है।<br>D के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✗ C. 1 |
| | ✓ D. 2 |

| Q.58 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन: सभी लोशन, क्रीम हैं। सभी क्रीम, शैम्पू हैं। कोई भी क्रीम, फेस-वॉश नहीं है।<br><br>निष्कर्ष (I): कोई भी शैम्पू, फेस-वॉश नहीं है।<br>निष्कर्ष (II): कोई भी लोशन, फेस-वॉश नहीं है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| Q.59 | उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोडे बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)<br><br>(14 280 5)<br>(7 336 12) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 18 876 9 |
| | ✗ B. 12 578 10 |
| | ✗ C. 13 992 11 |
| | ✓ D. 21 336 4 |

| Q.60 | उत्तर दिशा में अभिमुख 55 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, तन्मय बाएं छोर से 18वें स्थान पर बैठा है। यदि यश और तन्मय के बीच केवल 17 व्यक्ति बैठे हैं, तो पंक्ति के दाएं छोर से यश का स्थान कौन-सा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 18वां |
| | ✓ B. 20वां |
| | ✗ C. 19वां |
| | ✗ D. 21वां |

| Q.61 | अप्सो बिंदु A से ड्राइव करना आरंभ करता है और उत्तर की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह फिर दाएँ मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएँ मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 km, पूर्व की ओर |
| | ✗ B. 2 km, पश्चिम की ओर |
| | ✗ C. 3 km, पश्चिम की ओर |
| | ✓ D. 4 km, पूर्व की ओर |

| Q.62 | T, U, V, W, X और Y, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T और V दोनों का निकटतम पड़ोसी Y है। U, V के दाएँ ठीक पड़ोस में बैठा है। W, Y के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। X के दाएँ से गिनती करने पर, X और Y के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✓ B. दो |
| | ✗ C. एक |
| | ✗ D. तीन |

| Q.63 | यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकों वाली संख्याओं पर आधारित है।<br>(बाएँ) 423 253 174 324 749 (दाएँ)<br>(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>नोट - सभी संक्रियाएं बाएँ से दाएँ की जानी हैं।<br>यदि प्रत्येक संख्या के पहले अंक में 2 जोड़ दिया जाए, तो कितनी संख्याओं में पहला अंक, दूसरे अंक से पूर्णतः विभाज्य होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक भी नहीं |
| | ✗ B. दो |
| | ✓ C. एक |
| | ✗ D. तीन |

| Q.64 | यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>97 − 46 + 12 ÷ 8 × 2 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 102 |
| | ✗ B. 97 |
| | ✗ C. 99 |
| | ✓ D. 95 |

| Q.65 | दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>JF125 KE64 MC27 PZ8 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. SV1 |
| | ✓ B. TV1 |
| | ✗ C. TV8 |
| | ✗ D. TW1 |

| Q.66 | सात व्यक्ति, N, O, P, Q, R, S और T, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। S के दाएं केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। T, N के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। R, P के बाएं चौथे स्थान पर बैठा है। Q, S के दाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. T |
| | ✗ B. R |
| | ✓ C. O |
| | ✗ D. Q |

| Q.67 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. TSQ |
| | ✓ B. GFE |
| | ✗ C. ONL |
| | ✗ D. BAY |

| Q.68 | निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।<br><br>(बाएँ) M R Y T O N B F W A H L D X G Z J Q V E P K (दाएँ)<br><br>उपरोक्त शृंखला में कितने स्वर हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. छह |
| | ✓ B. तीन |
| | ✗ C. पाँच |
| | ✗ D. चार |

| Q.69 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. TXA |
| | ✗ B. GKN |
| | ✗ C. YCF |
| | ✓ D. JOR |

| Q.70 | यदि संख्या 7231456 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. तीन |
| | ✗ C. एक की भी नहीं |
| | ✓ D. दो |

| Q.71 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'chase clouds away' को 'hl mt dv' के रूप में और 'clouds block sun' को 'ya co hl' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'clouds' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. mt |
| | ✓ B. hl |
| | ✗ C. ya |
| | ✗ D. dv |

| Q.72 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन: सभी कुशन, तकिए हैं। कोई भी तकिया, कंबल नहीं है। कुछ कंबल, लिफाफे हैं।<br>निष्कर्ष 1: कुछ लिफाफे, तकिए हैं।<br>निष्कर्ष 2: कोई भी कुशन, कंबल नहीं है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। |
| | ✓ B. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। |
| | ✗ D. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं। |

| Q.73 | उस विकल्प का चयन कीजिए जो उन अक्षरों को निरूपित करता है, जिन्हें रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से भरने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।<br><br>BA_C F_HG _ILK NM_O R_TS |
|---|---|
| Ans | ✗ A. DEJPP |
| | ✗ B. DIJPQ |
| | ✗ C. DELPQ |
| | ✓ D. DEJPQ |

| Q.74 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>173 166 159 152 145 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 139 |
| | ✓ B. 138 |
| | ✗ C. 137 |
| | ✗ D. 136 |

| Q.75 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br><br>MJB 9, QNF 16, URJ 23, YVN 30, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. BZS 36 |
| | ✗ B. CYR 42 |
| | ✓ C. CZR 37 |
| | ✗ D. AYR 37 |

| Q.76 | दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>158 171 186 204 226 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 255 |
| | ✗ B. 249 |
| | ✓ C. 253 |
| | ✗ D. 251 |

| Q.77 | यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएँ) 687 652 691 287 286 (दाएँ)<br>(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>नोट - सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।<br><br>सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ने पर क्या परिणाम प्राप्त होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 16 |
| | ✓ B. 15 |
| | ✗ C. 17 |
| | ✗ D. 19 |

| Q.78 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FIRM' को '5713' के रूप में और 'MEAN' को '2148' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' का कूट क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✓ B. 1 |
| | ✗ C. 2 |
| | ✗ D. 3 |

| Q.79 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)<br><br>(बाएं) 7 4 1 2 4 9 8 5 3 6 1 5 2 6 5 4 8 3 9 6 5 2 3 9 1 4 2 (दाएं)<br><br>यदि श्रृंखला से सभी विषम संख्याएं हटा दी जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दाईं ओर से सातवीं होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2 |
| | ✗ B. 8 |
| | ✓ C. 6 |
| | ✗ D. 4 |

| Q.80 | अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से EADI का संबंध KGJO से है। इसी प्रकार, IEHM का संबंध OKNS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MILQ का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. SORW |
| | ✗ B. SORX |
| | ✗ C. SPRX |
| | ✗ D. SPRW |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| | |
|---|---|
| Q.81 | 24 नवंबर 2025 से भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नियुक्त किया गया था? |
| Ans | ✗ A. न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ |
| | ✗ B. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना |
| | ✗ C. न्यायमूर्ति बी. आर. गवई |
| | ✓ D. न्यायमूर्ति सूर्यकांत |

| | |
|---|---|
| Q.82 | जुलाई 2025 में, नीति आयोग द्वारा जारी उत्तर पूर्वी क्षेत्र (NER) जिला सतत विकास लक्ष्य (SDG) सूचकांक रिपोर्ट (2023-24) के दूसरे संस्करण के अनुसार, उत्तर पूर्वी क्षेत्र के कितने प्रतिशत जिलों ने अपने समग्र SDG सूचकांक स्कोर में वृद्धि दर्शाई? |
| Ans | ✓ A. 85% |
| | ✗ B. 95% |
| | ✗ C. 65% |
| | ✗ D. 75% |

| | |
|---|---|
| Q.83 | मई 2025 में निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 90 m से अधिक भाला फेंकने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बना? |
| Ans | ✗ A. शिवपाल सिंह |
| | ✗ B. सचिन यादव |
| | ✓ C. नीरज चोपड़ा |
| | ✗ D. अब्दुल खालिक |

| | |
|---|---|
| Q.84 | अप्रैल 2025 में स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे यूनिट के नए निर्माण के लिए प्रदान की जाने वाली अधिकतम वित्तीय सहायता कितनी है? |
| Ans | ✗ A. ₹7 लाख |
| | ✗ B. ₹4 लाख |
| | ✗ C. ₹3 लाख |
| | ✓ D. ₹5 लाख |

| | |
|---|---|
| Q.85 | नेशनल फ्रीक्वेंसी एलोकेशन प्लान, 2025 (NFAP-2025) मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किसके आवंटन से संबंधित है? |
| Ans | ✗ A. इलेक्ट्रिक वेहिकल चार्जिंग बैंड |
| | ✓ B. रेडियो-फ्रीक्वेंसी स्पेक्ट्रम |
| | ✗ C. पोस्टल कोड |
| | ✗ D. रेलवे लैंड-यूज फ्रीक्वेंसी |

| | |
|---|---|
| Q.86 | 2025 में, भारत की रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा अनुमोदित नए रक्षा अधिग्रहण में किस प्रकार के उपकरण शामिल किए गए? |
| Ans | ✗ A. विमानवाहक पोत और लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें |
| | ✓ B. एंफीबियस वॉरशिप, मिसाइलें और स्वार्म ड्रोन |
| | ✗ C. स्टील्थ फाइटर जेट और हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन |
| | ✗ D. पनडुब्बियाँ और उपग्रह-आधारित निगरानी प्रणालियाँ |

| | |
|---|---|
| Q.87 | डोगरी भाषा में लिखी गई पुस्तक "इक होर अश्वत्थामा (Ik Hor Ashwthama)" के लिए वर्ष 2024 का साहित्य अकादेमी पुरस्कार किसे प्रदान किया गया? |
| Ans | ✗ A. जसवंत सिंह (Jaswant Singh) |
| | ✗ B. दलीप कौर टिवाणा (Dalip Kaur Tiwana) |
| | ✓ C. चमन अरोड़ा (Chaman Arora) |
| | ✗ D. शिव कुमार बटालवी (Shiv Kumar Batalvi) |

| | |
|---|---|
| Q.88 | भारत सरकार ने 2025 में श्रमिकों के अधिकारों और श्रम कानून के अनुपालन को सरल बनाने के लिए कौन-सा प्रमुख सुधार लागू किया? |
| Ans | ✔ A. 29 श्रम कानूनों का चार श्रम संहिताओं में विलय |
| | ✗ B. ट्रेड यूनियनों का उन्मूलन और उनकी कानूनी मान्यता की वापसी |
| | ✗ C. केवल न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का विस्तार |
| | ✗ D. सार्वभौमिक आधारभूत आय की शुरुआत |

| | |
|---|---|
| Q.89 | 13 मई, 2025 को या उससे पहले विनियमित संस्थाओं (REs) के लिए उपलब्ध केंद्रीकृत सूचना प्रबंधन प्रणाली (CIMS) की क्या भूमिका है? |
| Ans | ✗ A. कर भुगतान की निगरानी |
| | ✗ B. मोबाइल ऐप्स की ट्रैकिंग |
| | ✗ C. ऑनलाइन शिकायतें दर्ज करना |
| | ✔ D. डिजिटल डेटा का प्रबंधन |

| | |
|---|---|
| Q.90 | औषधीय पदार्थों के लिए एक डिजिटल ज्ञान भंडार के रूप में 2025 में लॉन्च किया गया DRAVYA पोर्टल किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था? |
| Ans | ✗ A. जैव प्रौद्योगिकी मंत्रालय |
| | ✗ B. शिक्षा मंत्रालय |
| | ✗ C. औषधि मंत्रालय |
| | ✔ D. आयुष मंत्रालय |

| | |
|---|---|
| Q.91 | अगस्त 2025 मौद्रिक नीति समिति (MPC) की समीक्षा के दौरान, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति पूर्वानुमान में क्या संशोधन किया? |
| Ans | ✗ A. संशोधित कर 4.5% किया गया |
| | ✗ B. 3.7% पर अपरिवर्तित रखा गया |
| | ✔ C. घटाकर 3.1% कर दिया गया |
| | ✗ D. तेजी से घटाकर 2.5% कर दिया गया |

| | |
|---|---|
| Q.92 | केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन में 2020–25 समयावधि के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान, 92.7% के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान पर रहा? |
| Ans | ✗ A. बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान (Bandipur National Park) |
| | ✗ B. मानस राष्ट्रीय उद्यान (Manas National Park) |
| | ✗ C. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान (Kanha National Park) |
| | ✔ D. एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान (Eravikulam National Park) |

| | |
|---|---|
| Q.93 | निम्नलिखित में से किसे, स्नेहपूर्वक "बिहार कोकिला" और "स्वर कोकिला" के नाम से जाना जाता है? |
| Ans | ✔ A. शारदा सिन्हा |
| | ✗ B. भरत ब्यास |
| | ✗ C. पायल सिंह |
| | ✗ D. चंदन |

| | |
|---|---|
| Q.94 | वैश्विक महामारी की तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से 20 मई 2025 को WHO के सदस्य देशों द्वारा कौन-सी ऐतिहासिक संधि अपनाई गई? |
| Ans | ✗ A. वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा संधि (Global Health Security Pact) |
| | ✔ B. WHO महामारी समझौता (WHO Pandemic Agreement) |
| | ✗ C. अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (International Health Regulations - IHR) |
| | ✗ D. वैश्विक वैक्सीन समझौता (Global Vaccine Agreement) |

| Q.95 | फरवरी, 2025 में 34 देशों के एथलीटों के साथ 9वें एशियन विंटर गेम्स कहाँ आयोजित किए गए थे? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. किर्गिस्तान |
| | ✗ B. उज़्बेकिस्तान |
| | ✓ C. चीन |
| | ✗ D. कतर |

| Q.96 | 'राइट टू डिस्कनेक्ट बिल 2025 (Right to Disconnect Bill 2025)', आधुनिक डिजिटल कार्यस्थल में कौन-सा सिद्धांत स्थापित करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अनिवार्य ओवरटाइम मुआवजा |
| | ✗ B. डिजिटल प्लेटफार्मों पर नियोक्ताओं का नियंत्रण |
| | ✗ C. समान श्रम कानून |
| | ✓ D. कार्य-जीवन की स्पष्ट सीमाएँ |

| Q.97 | किस कार्यक्रम में भारत के उपराष्ट्रपति, सी. पी. राधाकृष्णन ने एक उद्घाटन-भाषण में इस बात पर जोर दिया गया कि जलवायु कार्रवाई एक अवसर है, कोई बाधा नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारत ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2026 |
| | ✓ B. भारत जलवायु मंच 2026 |
| | ✗ C. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन बैठक 2026 |
| | ✗ D. ग्लोबल ग्रीन ग्रोथ फोरम 2026 |

| Q.98 | अक्टूबर 2025 में, वियतनाम के निम्नलिखित में से किस शहर ने साइबर अपराध के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention against Cybercrime) के उच्च स्तरीय हस्ताक्षर समारोह की मेजबानी की, जहां 72 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दलाट (Dalat) |
| | ✓ B. हनोई (Hanoi) |
| | ✗ C. विन्ह (Vinh) |
| | ✗ D. कैन थो (Can Tho) |

| Q.99 | 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025' की पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहने वाला भारतीय राज्य कौन-सा था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्तर प्रदेश |
| | ✓ B. हरियाणा |
| | ✗ C. तमिलनाडु |
| | ✗ D. महाराष्ट्र |

| Q.100 | 2025 में, मैथ्यू हेडन और हाशिम अमला के साथ किस दिग्गज भारतीय क्रिकेटर को आईसीसी हॉल ऑफ फेम (ICC Hall of Fame) में शामिल किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. विराट कोहली |
| | ✗ B. राहुल द्रविड़ |
| | ✗ C. सौरव गांगुली |
| | ✓ D. एम.एस. धोनी |

"